State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्रमांक / बी.एड. / प्रवेश / 13–14 / 4828 रायपुर दिनांक 24 / 09 / 2013

बी.एड. पाठ्यक्रम 2013–14 हेतु प्रतीक्षा सूची की सूचना

परिषद् द्वारा राज्य के बी.एड. पाठ्यक्रम संचालित करने वाले 2 शासकीय तथा आनलाइन आबंटन प्रक्रिया 2013 में सम्मिलित 123 निजी शिक्षा महाविद्यालयों में दिनांक 21.09.2013 के पश्चात् रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु लगभग 450 अभ्यर्थी जिन्होंने बी.एड. फेस टू फेस चरण के काउसंलिग में पंजीयन कराया था परन्तु उन्हें किसी भी महाविद्यालय में सीट्स आबंटित नहीं की गयी है, की प्रतीक्षा सूची MKCL के वेबसाइट http:/oasis.mkcl.org/cgbed2013 में जारी की जा रही है। वर्तमान में विभिन्न महाविद्यालयों में रिक्त सीटों की स्थिति उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उपरोक्तानुसार सूची में शामिल कोई भी अभ्यर्थी दिनांक 27.09.2013 तक अपनी पसंद के किसी भी महाविद्यालय में (जहाँ सीटें रिक्त हो) आवेदन दे सकता है। दिनांक 27.09.2013 सांय 4 बजे तक प्राप्त सभी आवेदनों में से प्री.बी.एड. 2013 के एकीकृत रैंक के आधार पर महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को प्रवेश देगें। प्रवेश में मेरिट सुनिश्चित करना महाविद्यालय का दायित्व होगा। किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर संबंधित महाविद्यालय के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी। इस सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त किसी अन्य अभ्यर्थी को महाविद्यालय द्वारा प्रवेश दिये जाने पर उक्त अभ्यर्थी का प्रवेश मान्य नही किया जायेगा। महाविद्यालय द्वारा प्रवेश दिये गये अभ्यर्थियों को रिपोर्ट महाविद्यालय MKCL के वेबसाइट में महाविद्यालय अपने log in में प्रवेश दिये गये अभ्यर्थी के नाम के सामने admitted विकल्प को click कर देगें। इसके पश्चात् ही अभ्यर्थी का अस्थायी आबंटन पत्र MKCL के वेबसाइट से ही डाउनलोड कर सकेंगे।

यह कार्य दिनांक 30.09.2013 तक करना अनिवार्य होगा। इस तिथि के पश्चात् प्रवेशित छात्रों की सूचना परिषद् द्वारा स्वीकार नही किया जायेगा। यह प्रक्रिया आबंटन प्रक्रिया 2013 में सम्मिलित महाविद्यालयों के लिए ही है तथा फेस टू फेस चरण में जिन अभ्यर्थियों को महाविद्यालय / संस्था में सीट्स आबंटित हो चुकी है उन अभ्यर्थियों का नाम इस प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है।

(अनिल राय)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी. छ.ग. रायपुर